आर्डर शीट

न्यायालय अतिरिक्त संभागीय आयुक्त जोधपुर

राजस्व अपील सं0 435/2026 अनवान ***सायर देवी बनाम मै0 आशापूर्णा रियल एस्टेट एण्ड ओमस जरिये भागीदार श्रवणसिंह वगैरा***

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहमकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
09.06.26	वकील अपीलांट एवं रेस्पो0सं0 1 की ओर से केवियटर अधिवक्ता उपस्थित। उक्त अपील राज0 भू राजस्व अधिनियम की धारा 75 के तहत उपखण्ड अधिकारी लूणी (जोधपुर) द्वारा राजस्व विविध प्रार्थना पत्र संख्या 15/2024 में पारित आदेश दिनांक 22.05.2026 के विरूद्ध प्रस्तुत की गई है। अपील के साथ स्थगन प्रार्थना पत्र मय शपथ पत्र भी प्रस्तुत किया गया। उभय पक्ष की बहस सुनी गई। प्रकरण में दोनों पक्षों की सहमति से उक्त अपील का अंतिम निस्तारण इस आदेश से किया जाता है कि अपीलाधीन आदेश के कम में तहसीलदार लूणी ग्राम भाकरासनी स्थित अपीलांट के खसरा नम्बर 217/1 व 216 के नियमानुसार सीमांकन के उपरांत प्रार्थी–रेस्पो0सं0 1 के वादग्रस्त खसरा नम्बर 403/368 के पत्थरगढी की कार्यवाही सुनिश्चित करावे। पत्रावली दर्ज रजिस्टर कर, फैसल शुमार की जावे। अधीनस्थ न्यायालय को निर्णय की सत्यप्रति से सूचित किया जावे। 9/6/26. **(सुनिता चौधरी)** अतिरिक्त संभागीय आयुक्त जोधपुर अतिरिक्त सम्भागीय आयुक्त जोधपुर	